04 दिव्यांग कलाकारों ने देसी वाद्य यंत्रों के साथ...



07 टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी सिरोंज के कुलसचिव...



## खबर संक्षेप

### शहीद दिवस पर ओलंपस की सद्भावना रैली आज

**विदिशा।** राष्ट्रीय शहीद दिवस एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर ओलंपस हाई विद्यालय द्वारा आज सद्भावना रैली निकाली जाएगी। रैली सुबह 10:15 बजे माधवगंज, हरिसिंह एंड कंपनी के पास से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, तिलक चौक होते हुए नीमताल गांधी चौक पर समाप्त होगी। वहां गांधीजी व शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी तथा बच्चों द्वारा सद्भावना गीत प्रस्तुत किया जाएगा। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय शिष्टाचार के तहत ठीक 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाएगा। रैली में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक व विद्यार्थी शामिल होंगे।

### शहीद दिवस पर आज दो मिनट का मौन रखेंगे

**विदिशा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में आज 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाएगा। सुबह 11 बजे पूरे जिले में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 10:59 से 11 बजे तक सायरन बजाकर मौन की शुरुआत तथा 11:02 से 11:03 बजे तक ऑल क्लियर सायरन से समापन किया जाएगा। जहां सायरन की व्यवस्था नहीं है, वहां पूर्व सूचना देकर मौन सुनिश्चित किया जाएगा। शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम गंभीरता एवं सम्मान के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 10 तक

**विदिशा।** मप्र शासन के जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 15 फरवरी से डाउनलोड किए जा सकेंगे। परीक्षा 22 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला या विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित होगी।

### अपना घर आश्रम में विद्या ब्राह्मी कल्प दी

**विदिशा।** भारत भारती जैन महिला मंडल की सदस्यों ने नीता सराफ जैन के मार्गदर्शन में अपना घर आश्रम में आश्रय प्राप्त प्रभुजनों को विद्या ब्राह्मी कल्प औषधि का सेवन कराया। यह आयुर्वेदिक औषधि स्मरण शक्ति एवं ज्ञानवर्धन में सहायक मानी जाती है। कार्यक्रम में साधना जैन एवं नीतू जैन का विशेष सहयोग रहा। मंडल का उद्देश्य मंदबुद्धि एवं कमजोर याददाश्त वाले प्रभुजनों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। आश्रम परिवार ने भारत भारती जैन महिला मंडल की प्रमुख नीता जैन एवं समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भावांतर योजनाः 11,712 किसानों को पहुंची राशि

**विदिशा।** सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के चौथे चरण में विदिशा जिले के 11 हजार 712 किसानों को 18.19 करोड़ रुपए सीधे उनके बैंक खातों में जमा किए गए। मंडी सचिव नीलकमल वैद्य ने बताया कि योजना के तहत अब तक प्रदेश के 7.10 लाख किसानों को 1492 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

### 40 किसान उद्यानिकी प्रशिक्षण के लिए रवाना

**विदिशा।** जिले के 40 कृषकों को उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती एवं राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव, शासकीय गुलाब उद्यान भोपाल में सहभागिता हेतु तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया। यह कार्यक्रम राज्य पोषित योजना एवं एमआईडीएच योजना अंतर्गत आयोजित किया गया। भ्रमण दल को जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी एवं कृषि स्थाई समिति सदस्य रामकली बाई लाखन सिंह कुशवाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## 125 वर्ष प्राचीन रामलीला में पहुंचे शंकराचार्य, शोभायात्रा, चरणपादुका पूजन और प्रवचन के साथ शबरी और बालि-सुग्रीव प्रसंग का मंचन हुआ

### नदीपुरा के गणेश मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा, जगह- जगह हुआ स्वागत

### देशभर में पहचान बना चुकी रामलीला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



ऐतिहासिक 125 वर्ष प्राचीन रामलीला में गुरुवार को जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आगमन हुआ।

नदीपुरा स्थित गणेश मंदिर से शंकराचार्य जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान कई स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। रामलीला स्थल पर मंच सजाकर शंकराचार्य जी का भव्य अभिनंदन किया गया। यहां उनकी चरणपादुका का विधिवत पूजन हुआ। इसके बाद उन्होंने उपस्थित दर्शकों और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन दिए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विदिशा की रामलीला अत्यंत प्राचीन है और देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। उन्होंने बताया कि सवा सौ वर्षों से निरंतर मंचन के माध्यम से संचालित ऐसी रामलीला विरले ही देखने को मिलती है। प्रवचन के दौरान शंकराचार्य जी ने भगवान राम के जन्म से लेकर रामराज्य की स्थापना तक का सारगर्भित वृतांत सुनाया। उन्होंने श्रीराम के जन्म की लीला और उनके अवतरण के कारणों का विस्तार से वर्णन किया।



### शबरी प्रसंग का भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किया गया

रामलीला में शबरी प्रसंग का दृश्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें वर्षों से भगवान राम की प्रतीक्षा कर रही शबरी से मिलने भगवान जंगल में पहुंचते हैं और उसकी निष्काम भक्ति से भावविभोर हो जाते हैं। इस प्रसंग में भगवान राम द्वारा शबरी माता को नवधा भक्ति का उपदेश दिया गया। इसके साथ ही बालि-सुग्रीव लीला का मंचन हुआ, जिसमें दोनों भाइयों के बीच युद्ध और अंततः सुग्रीव के राजतिलक के साथ लीला का समापन हुआ।



## समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण कर यात्रियों को सुविधाएं देने के दिए निर्देश

# एजीएम-एजीआरएम ने स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों की हकीकत जानी

### 24 करोड़ रु. की राशि से किया जा रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रेलवे के एजीएम प्रमोद कुमार खत्री और एजीआरएम योगेंद्र बघेल ने गुरुवार को विदिशा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 24 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों और निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का बारीकी से जायजा लिया। प्रोजेक्ट का अधिकांश काम पूरा हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी परखी और कुछ अतिरिक्त कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।



**विदिशा।** निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन पर किए गए कार्यों का जायजा लेते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी।

### एस्केलेटर और दिव्यांगों के लिए गाइडिंग टाइल्स

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। यात्रियों के लिए बेहतर प्रतीक्षालय, नए प्लेटफॉर्म, आधुनिक शौचालय, एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए एस्केलेटर और फुट ओवर ब्रिज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, दिव्यांग यात्रियों के लिए गाइडिंग टाइल्स और स्टैंडर्ड रैंप भी बनाए जा रहे हैं।

### यात्रियों को मिले आधुनिक सफर

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन के इस कायाकल्प का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक रेल सेवाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## यूजीसी बिल के विरोध में हुई सवर्ण समाज की बैठक में आंदोलन की बनाई रूपरेखा



**विदिशा।** बैठक में स्वर्ण समाज के सगंठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) बिल में सवर्ण समाज के विरुद्ध बनाए गए नए नियमों को लेकर विरोध दर्ज कराने सवर्ण समाज की महत्वपूर्ण बैठक कार्तिक चौक स्थित विजय दीक्षित के निवास पर हुई। बैठक में राजपूत, ब्राह्मण, जैन, रघुवंशी, कायस्थ, अग्रवाल, माहेश्वरी, सिख, सिंधी, गहोई-वैस्य, मराठा, शाह एवं महाराष्ट्रीयन समाज सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी सवर्ण समाज सर्व सवर्ण समाज के बैनर तले एकजुट होकर, एससी-एसटी एवं ओबीसी वर्ग के बुद्धिजीवी भाइयों के सहयोग से यूजीसी द्वारा लिए गए सवर्ण समाज एवं छात्र विरोधी निर्णयों के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर आंदोलनात्मक विरोध करेंगे।

1 फरवरी को प्रस्तावित भारत बंद में सहयोग देने के उद्देश्य से 31 शनिवार को शाम 4 बजे स्थानीय बाल विहार में सवर्ण समाज की बैठक होगी। जिसमें समाज के सभी घटक शामिल होंगे। 3 फरवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे माधवगंज शिवालय से नीमताल तक मुख्य मार्गों से रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## खेरुआ हाट में बाघ ने किया गाय का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर से करीब 20 किमी दूर और लश्करपुर से करीब 3 किमी आगे खेरुआ हाट गांव में दिनदहाड़े बाघ ने एक गाय का शिकार किया।

गाय मालिका का कहना है कि उसने दोपहर में गाय को घर के बाहर बांधा था और कुछ देर बाद ही गाय मृत अवस्था में मिली। खेतों में सिंचाई के कारण आसपास की मिट्टी गीली होने के कारण बाघ के पैरों के निशान भी छप गए। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ के साथ एक शावक भी है। जिसके भी पैरों के निशान दिखाई दे रहे हैं। दिनदहाड़े बाघ के हमले के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बच्चे स्कूल जाने में घबरा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है आम तौर पर मासाहारी जानवर रात में शिकार करते हैं, लेकिन बाघ ने दिनदहाड़े गाय का शिकार किया है। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त हैं। उन्होंने वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर बाघ को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू करने की मांग की है क्योंकि जिस जगह पर बाघ ने गाय का शिकार किया उससे कुछ ही दूरी पर ग्रामीणों के मकान भी बने हुए हैं डीएफओ हेमंत यादव के अनुसार वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच की है लेकिन बाघ के होने की पुष्टि नहीं हो सकी है।

## बजरंग दल ने किया आंदोलन का एलान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

लायरा चक्क क्षेत्र में विगत दिनों गौ-माता के अवशेष मिलने की घटना के बाद भी दोषियों पर ठोस कार्रवाई न होने से हिन्दू संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

इसी के चलते गौ-माता के सम्मान और न्याय की मांग को लेकर बजरंग दल ने आंदोलन का एलान किया है। बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह घटना केवल एक अपराध नहीं बल्कि हिन्दू समाज की आस्था पर सीधा प्रहार है। इतने गंभीर मामले में प्रशासन की निष्क्रियता बेहद चिंताजनक है।

संगठन ने स्पष्ट किया है कि जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। बजरंग दल एवं अन्य हिन्दू संगठन आज शुक्रवार सुबह 12 बजे गल्ला मंडी में एकत्रित होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी सनातनियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर एकता और शक्ति का परिचय देने की अपील की है।

## मकान में चोरी करने वाले आरोपी को सजा सुनाई

**विदिशा।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिशा श्रद्धा पांडेय की अदालत ने रिहायशी मकान में चोरी के मामले में आरोपी कुलदीप कुशवाह निवासी ग्यारसपुर को दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एडीपीओ गार्गी झा अनुसार फरियादी आनंद कुमार सक्सेना ने ग्यारसपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 नवंबर 2020 को उनके मकान की खिड़की से काले बैग में रखा पर्स चोरी हो गया, जिसमें नकद राशि एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान कुलदीप के रूप में हुई थी।

## मेले में राम बनवास लीला का मंचन हुआ

**नटेरन।** भैरव बाबा के प्रसिद्ध मेले में वृंदावन धाम की आदर्श बांके बिहारी रामलीला मंडली द्वारा राम बनवास लीला का मार्मिक मंचन किया गया। मंचन में राजा दशरथ का दरबार, राम को युवराज बनाने की तैयारी, मंथरा-कैकई संवाद तथा कैकई-दशरथ संवाद को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। लीला के अनुसार कोप भवन में महारानी कैकई ने महाराजा दशरथ से दो वरदान मांगे भरत को राजगद्दी और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास। यह सुनकर दशरथ जी व्यथित होकर मूर्छित हो गए, लेकिन रघुकुल रीति का पालन करते हुए उन्हें विवश होकर वचन निभाना पड़ा। श्रीराम ने माता कैकई के वचनों को सहर्ष स्वीकार कर राजवस्त्र त्याग कर वनवास ग्रहण किया। सीता और लक्ष्मण भी उनके साथ वन को प्रस्थान कर गए। इस दृश्य को देखकर दर्शक भावविहल हो उठे।



## धर्म परिवर्तन, प्रताड़ना और हलाला के प्रयास का आरोप, मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र से लव जिहाद और तीन तलाक से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है।

पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सलीम खान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने पहले अपनी पहचान छुपाकर हिंदू युवती से दोस्ती की फिर भावनात्मक रूप से करीब आकर प्रेम जाल में फंसाया। बाद में शादी का झांसा देकर युवती का धर्म परिवर्तन कराया गया। पीड़िता एक बच्चे की मां बनी, इसके बावजूद आरोपी ने किसी अन्य महिला से दूसरी शादी कर ली। आरोप है कि इसके बाद युवती को लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी गई और अंततः तीन तलाक बोलकर उसे छोड़ दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि एक काजी द्वारा उसका हलाला कराने का प्रयास किया गया।

शिकायत में बताया गया है कि घटना की अवधि 15 अगस्त से 26 दिसंबर 2025 के बीच की है, जबकि पुलिस को इसकी सूचना 23 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे प्राप्त हुई। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ईंट भट्टों पर 4 साल की मासूम की करंट से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। पठारी हवेली स्थित एक ईंट-भट्ठे पर करंट लगने से 4 साल की बच्ची पूनम की मौत हो गई। बच्ची को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

परिजनों ने बताया कि घटना के वक्त पूनम भट्ठे के पास शौच के लिए गई थी। इसी दौरान वह वहां अर्थिंग के लिए लगाए गए बिजली के तार की चपेट में आ गई। तार के संपर्क में आते ही उसे तेज करंट लगा, जिससे उसकी जान चली गई। मृतका के पिता सीताराम आदिवासी ने बताया कि वे मूल रूप से राहतगढ़ के ग्राम हरईखेड़ी के रहने वाले हैं। करीब एक माह पहले ही वे अपने परिवार के साथ यहां ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करने आए थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे थे। पूनम दोनों बच्चों में बड़ी थी, जबकि उनका एक छोटा बेटा भी है।

### अवैध कनेक्शन की पुलिस कर रही जांच

सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ईंट-भट्ठे पर बिजली कनेक्शन अवैध होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस करंट लगने के कारणों के साथ-साथ लापरवाही के पहलुओं की भी बारीकी से जांच कर रही है।

### समाज, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में संघ के योगदान पर विचार-विमर्श

# संघ की 100 वर्ष की राष्ट्रसेवा यात्रा पर जनगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 100 वर्ष की राष्ट्रसेवा यात्रा के उपलक्ष्य में विदिशा के रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में जनगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी का उद्देश्य संघ के शताब्दी कालखंड में समाज, राष्ट्र और संस्कृति के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर गहन विचार-विमर्श करना रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक विस्पुते मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विभाग संघचालक सुरेश देव एवं जिला संघचालक खुमान सिंह रघुवंशी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, प्रबुद्धजन एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

### संघ की 100 वर्ष की यात्रा समर्पण और राष्ट्र प्रथम

अपने उद्बोधन में दीपक विस्पुते ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थापना काल से ही राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी है। संघ की 100 वर्ष की यात्रा अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित रही है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए श्री विस्पुते ने कहा कि संघ का कार्य संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना उसका लक्ष्य है। उन्होंने भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भवन और भ्रमण जैसे स्व-आधारित जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।



### मोहल्ला विकास और समरसता का संदेश

नागरिकों से जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर समाज में एकता की भावना विकसित करने तथा गांव, शहर और मोहल्ले के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और युवाओं की राष्ट्रहित में सहभागिता पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया। गोष्ठी में समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3750
उच्चतम भाव-6510
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6930
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5510
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6740
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7390
मक्का
न्यूनतम भाव-1301
उच्चतम भाव-2400
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3718
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4020
धनिया
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-8600
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7310
गेहूं
न्यूनतम भाव -1800
उच्चतम भाव- 3250
बटरी
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3300

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 15499 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के समापन पर एसजीएस कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# दिव्यांग कलाकारों ने देसी वाद्य यंत्रों के साथ मोनिया नृत्य की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

दृष्टि बाधित कलाकार खंजरी, हस्त विहीन कलाकार ताली बजा रहा था और पोलियो ग्रस्त कलाकार हाथों से नृत्य कर रहा था। बुजुर्ग बौने कलाकार गजब की फुर्ती के साथ कलाबाजी और नृत्य कर रहे थे। मानसिक दिव्यांग भी नृत्य और करतब कर रहे थे। दिव्यांगजनों द्वारा दी जा रही मोनिया नृत्य के तहत कालिया नाग मर्दन की इस प्रस्तुति को देखकर सभी दंग रह गए और कलाकारों की प्रस्तुति को जमकर सराहा गया।

यह अवसर था एसजीएस कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के समापन का। जिसमें मोनिया लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। यह प्रस्तुति मोनिया नृत्य के निदेशक डॉ. उमेश वैद्य के मार्गदर्शन में दी गई।

सागर से आए डॉ. उमेश कुमार वैद्य एवं उनकी टीम द्वारा लोकनृत्य के माध्यम से महाभारत और भगवत गीता का नाट्य मंचन किया गया। दिव्यांग कलाकारों की शानदार प्रस्तुति को लेकर डॉ वैद्य ने बताया कि यह लोकनृत्य भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित है। उन्होंने अपने निवास क्षेत्र रहली के आसपास के गांवों में





मोनिया नृत्य के आयोजनों में गांव के दिव्यांगजनों को प्रस्तुति देते हुए देखकर उनके साथ टीम बनाने का निर्णय लिया और अलग अलग गांवों से दिव्यांग कलाकारों को शामिल कर एक 25 सदस्यीय टीम बनाई और अब इस टीम के माध्यम से वे देश भर में मोनिया लोकनृत्य की प्रस्तुति देते आ रहे हैं। डॉ वैद्य का कहना है कि कलाकार शरीर से भले ही दिव्यांग हैं, लेकिन उनमें ऊर्जा और प्रतिभा भरपूर है। ये कलाकार देशी वाद्य यंत्र मृदंग, नगडिया, कसावरी, चटकोरा, झांझरी बेहद निपुणता से बजाते हैं और कृष्ण के भजन भक्तिगीत भी पूरे लय सुर के साथ गाते हैं। ये सभी दिव्यांग अन्य कलाकारों से किसी भी मामले में कम नहीं हैं।

### शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए

**गंजबासौदा।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल नर्मदापुरम संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, डॉ बीपी तिवारी, डॉ. राम सुमेर यादव, शासकीय महाविद्यालय सिरोंज प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत, शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज के प्राचार्य डॉक्टर मणिमोहन मेहता, प्राचार्य डॉ ब्रह्मदीप अलूने, राष्ट्रीय लाल बहादुर संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्राध्यापक डॉक्टर सुंदर नारायण झा, शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति, दिनकर कद्रे, मोनिया नृत्य के निदेशक डॉ. उमेश वैद्य उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमन लता गुप्ता एवं इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर बालकृष्ण प्रजापति, सहसंयोजक डॉ. बिंदेश शुक्ला, आयोजन सचिव मनीष दुबे उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बीपी तिवारी उपस्थित रहे। सत्र में चार शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। संचालन डॉ. सुनीता ठाकुर ने किया। चतुर्थ सत्र और समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ मथुरा प्रसाद उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. लालचंद राजपूत, डॉ. अनामिका प्रजापति, दिनकर कद्रे उपस्थित रहे। सत्र में पांच शोधार्थियों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन सचिव मनीष दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व में हुई राष्ट्रीय वेबीनर की पत्रिका का विमोचन किया गया। दोनों तकनीकी सत्रों में डॉ मथुरा प्रसाद, डॉ. रामसुमेर यादव, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. विजय शाक्य,, डॉ. कंचन वैद्य, डॉ. बिंदेश शुक्ला, घनश्याम चौकसे, अभिषेक सिंह, डॉ. चंद्रशेखर राजपूत, शिवानी गौड़, डॉ. पवन जैन, नीलेश नामदेव, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. गरिमा मोदी, अर्चना चौधरी, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, सुधा पाठक, डॉ. आरडी जाटव, डॉ. मधु विजय, नीलेश शाक्य, कमलेश बकारिया, डॉ. दिलीप गुप्ता, पीके दुबे, सौरभ विश्वकर्मा, जेपी मेहरा, हरिशंकर सैनी, योगेश शिल्पकार, राघवेन्द्र भार्गव उपस्थित थे।

## डॉ. विनीत तिवारी बने भारतीय योग संसद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भारतीय योग संसद की प्रथम ऑनलाइन बैठक में डॉ. विनीत तिवारी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। चुनाव में 15 से अधिक राज्यों से उपस्थित योग सांसदों की उपस्थिति में हुआ। बैठक में इसमें झांसी की योग सांसद डॉ. प्रगति सेठ, शहडोल के योग सांसद डॉ. श्यामसुंदर पाल, इंदौर की योग सांसद योगाचार्य जागृति चौबे तथा अहमदाबाद पूर्व से योग सांसद डॉ. हर्षद सोलंकी ने डॉ. विनीत तिवारी को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव को 15 राज्यों से उपस्थित योग सांसदों ने सर्वसम्मति से पारित किया। डॉ. विनीत तिवारी योग के क्षेत्र में अपनी गहन विशेषज्ञता और निरंतर योगदान के लिए विख्यात हैं। वे योग एलाइंस अमेरिका से सर्टिफाइड योग टीचर हैं तथा भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के योग सर्टिफिकेशन बोर्ड द्वारा प्रमाणित योग वेलनेस इंस्ट्रक्टर भी हैं। शैक्षणिक क्षेत्र में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, अटल बिहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल के दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा उन्हें स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अटल स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। साथ ही स्नातकोत्तर योग की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एक और स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। योग सांसदों ने डॉ. विनीत तिवारी को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## नपा ने शुरू किया सड़क चौड़ीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका द्वारा जय स्तंभ चौराहे से विद्युत मंडल तक का सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया। जिसके तहत जेसीबी मशीन की सहायता से खुदाई कर मिट्टी को हटाया गया। जहां समतलीकरण के पश्चात सीसीकरण का कार्य प्रारंभ होगा। इस दौरान नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण युवक ने पीया कीटनाशक



**त्योंदा।** बुधवार को ग्राम मूडरी में अज्ञात कारणों के चलते चैन सिंह मीणा ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर परिजन त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डॉल्फिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**गंजबासौदा।** विगत दिनों गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर का मुख्य आयोजन लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ। जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में डॉल्फिन स्कूल टीम ने फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉल्फिन विद्यालय ने लाल परेड ग्राउंड पर राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। डॉल्फिन की प्रस्तुति विशेष इसलिए भी हुई थी क्योंकि यह जीवंत और मनमोहक राजस्थानी लोक नृत्य रिकॉर्डेड संगीत पर नहीं बल्कि डॉल्फिन के बाल कलाकारों द्वारा लाइव वादन और ताल के साथ प्रस्तुत किया गया।

## 1 फरवरी को विदिशा में आयोजित होगा रघुवंशी समाज सम्मेलन



**गंजबासौदा।** समाज की मजबूती केवल मंचों से नहीं, घर-घर पहुंचने वाले संवाद से बनती है इसी भाव के साथ रघुवंशी समाज ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन और करियर काउंसलिंग में सहभागिता को लेकर जनसंपर्क अभियान शुरू किया। व्यक्तिगत संपर्क के अलावा समाजजनों के बीच सोशल मीडिया के जरिए सम्मेलन में आमंत्रित किए जाने के लिए संदेश पहुंचाया जा रहा है। रघुवंशी समाज के आव्हान पर जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन और करियर काउंसलिंग 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित किया गया है। पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में जिलेभर से एक हजार समाज जनों की सहभागिता होगी। समाज के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी के साथ समाजजनों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर सम्मेलन में शामिल होने के लिए समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में 1 फरवरी को विदिशा पहुंचने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान सम्मेलन के उद्देश्य, पंजीकरण प्रक्रिया और आयोजन की रूपरेखा समाजजनों को समझाई गई। साथ ही यह भी बताया गया कि यह आयोजन केवल युवक युवतियों के वैवाहिक परिचय और करियर काउंसलिंग का मंच नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और विश्वास को मजबूत करने की पहल है।

## रोमांचक मैच में बालाजी 11 ने एक रन से जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के तारण तरण पाठशाला खेल मैदान में चल रहे विधायक कप बीपीएल सीजन 6 में गुरुवार को तीन मुकाबले खेले गए। जिसमें बालाजी 11 ने उपेन्द्र 11 को रोमांचक मैच में एक रन से मात दी। इस मैच में गेंदबाजी से शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा गेंदबाज ऋषि बाल्मीकि को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच शुरू होने से पहले उपेंद्र 11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बालाजी 11 की शुरुआत ठीक नहीं रही और टीम ने अपने शुरुआती विकेट जल्द गवां दिए। लेकिन खिलाड़ियों से सुसज्जित इस टीम ने 94 रनों का स्कोर 10 ओवर में खड़ा कर दिया। जिसके जवाब में उपेन्द्र 11 की शुरुआत अच्छी रही और टीम के ओपनर बल्लेबाजों ने संभलकर



खेलते हुए पावर प्ले में अच्छा खेल दिखाते हुए रन गति को बढ़ाया लेकिन बालाजी 11 के गेंदबाज ऋषि बाल्मीकि ने शानदार गेंदबाजी करते हुए इस मैच में चार विकेट लिए और उनके साथ अनुपम तिवारी ने दिया जिन्होंने दो विकेट लिए। उपेन्द्र 11 को अंतिम ओवर में जीत के लिए 13 रनों की आवश्यकता थी, लेकिन सटीक गेंदबाजी की बदौलत बल्लेबाज मात्र 11 रन ही बना सके और इस तरह बालाजी 11 ने लगातार अपनी तीसरी जीत दर्ज की है और अपने ग्रुप में वह शीर्ष स्थान पर काबिज हो गई। वहीं दूसरा मैच स्टार फैशन और शाइनिंग स्टार के बीच खेला गया। जिसमें शाइनिंग स्टार ने 16 रनों से जीत दर्ज की।

## हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम थनवाय में किया गया। जिसका शुभारंभ श्री राम, जानकी, लक्ष्मण एवं भारत माता के चित्र पर पूजन आरती कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम जानकी मंदिर थनवाय के महंत जयरामदास महाराज का उद्बोधन प्राप्त हुआ एवं संगठन के जिला सह कार्यवाह पहलवान सिंह बघेल उपस्थित रहे। जिन्होंने हिंदू एकता पर जोर दिया एवं संगठित होने के लिए जागृत किया। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कवि नीलेश चतुर्वेदी रहे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान ग्राम के स्वयंसेवक मोहित राजपूत, बृजेंद्र बघेल, अभिषेक बघेल, उदयभान बघेल, बंटू, रितिक राजपूत, संजीव राजपूत का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान ग्राम सहित अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## नशे के विरोध में मुख्य मार्ग से निकाला विशाल मशाल जुलूस

**गंजबासौदा।** विगत दिनों पूर्व विधायक निशंक जैन के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में नगर में बढ़ते नशे के विरोध में विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस अटारीवाला पेट्रोल पंप से अंबेडकर चौक तक निकला गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस अपूर्व जैन, जिला उपाध्यक्ष सौरभ, बीडी शर्मा, पार्षद राहुल ठाकुर, ,विनय राय, पलाश जैन, रविन्द्र नागौरी, यश बालोटिया, आदिल खान, अमित बघेल, अक्कू राजपूत, अभिषेक ठाकुर, अंशुल अहिरवार,नेतराम,अभय,नदीम पठान सहित युवा शामिल रहे। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में नशे का अवैध कारोबार तेजी से बढता जा रहा है। जहां गली गली और गांव गांव अवैध रूप से शराब बिक रही है, वहीं गांजा, ब्राउन शुगर और चरस का अवैध कारोबार भी नवयुवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। जिससे सभी लोग चिंतित हैं। जनप्रतिनिधि और समाज के प्रमुख जन भी सार्वजनिक मंचों से इस ओर चिंता व्यक्त कर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।



### संकीर्तन का आयोजन हुआ

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बेदनखेड़ी स्थित भगवान श्री जगदीश स्वामी के दरबार में संकीर्तन का आयोजन गुरुवार को रात्रि 8:30 बजे से किया गया। जिसमें अनेक श्रद्धालुगण शामिल हुए।

ग्राम कस्बा बागरोद में संगोष्ठी में शामिल हुए अनेक किसान

# कृषक संगोष्ठी में किसानों को दी जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि विभाग व आत्मा परियोजना के द्वारा कृषि कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ भ्रमण में कृषक संगोष्ठी का ग्राम कस्बा बागरोद में आयोजन किया गया। जिसमें प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती विषय पर कृषक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सरपंच राजेश व्यास सहित क्षेत्र के अनेक उन्नशील कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि रामगोपाल रजक, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आशीष आर्य, कृषि विस्तार अधिकारी सूर्यभान सिंह, सोनू लोधी तथा उद्यानिकी विभाग से उद्यानिकी विस्तार अधिकारी रविन्द्र निगवाल उपस्थित रहे। वहीं आत्मा परियोजना के ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर निलेश जामलिया तथा बसौदा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अपर्णा शर्मा द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक डॉ. अपर्णा शर्मा ने किसानों को कृषि में आय वृद्धि के व्यावहारिक उपाय बताए तथा उद्यानिकी फसलों की प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग के विषय पर चर्चा की एवं कृषकों को रबी फसलों की उन्नत खेती पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सहायक संचालक कृषि रजक द्वारा कृषकों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की गई तथा कृषकों को प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आशीष आर्य ने नरवाई प्रबंधन पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों, पर्यावरण प्रदूषण तथा मृदा पोषक तत्वों की हानि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को सुपर सीडर एवं रोटावेटर जैसे कृषि यंत्रों के माध्यम से नरवाई को खेत में मिलाने की सलाह दी। कृषि विस्तार अधिकारी सोनू लोधी द्वारा किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सूर्यभान सिंह थानेश्वर द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। साथ ही कृषि रथ कार्यक्रम में नौ बिंदुओं पर प्राकृतिक खेती, मिट्टी परीक्षण, नरवाई प्रबंधन मिलेट्स फसलें, फसल विविधीकरण, समन्वित की प्रबंधन, उर्वरक टोकन प्रणाली आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

वहीं ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर निलेश जामलिया ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मृदा स्वास्थ्य में सुधार से फसल, किसान एवं उपभोक्ता सभी स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने जीवामृत एवं घन जीवामृत तैयार करने तथा उनके उपयोग की विधि की भी विस्तार से जानकारी दी। आभार प्रदर्शन ग्राम सरपंच राजेश व्यास द्वारा किया गया तथा कृषकों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आव्हान किया गया।

# बुरहानपुर से आए केले के पत्तों में भक्तों को परोसी प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस गुलाबगंज–पचमा मार्ग स्थित बालाजी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति के साथ सनातन परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला, जब प्रभु श्री बालाजी को श्रद्धा पूर्वक सवामनी भोग अर्पित किया गया। इस पावन अवसर की विशेषता यह रही कि सवामनी का भोग बुरहानपुर से विशेष रूप से मंगवाए गए केले के पत्तों पर बालाजी के भक्तों को परोसा गया। केले के पत्तों पर सजे भोग ने आयोजन को एक विशिष्ट धार्मिक गरिमा प्रदान की।

आयोजन के लिए मेहंदीपुर बालाजी से पधारे बनवारी लाल गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से सवामनी भोग अर्पित कराया। मंत्रों की गूंज और धूप-दीप की सुगंध से संपूर्ण मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। भोग अर्पण के साथ ही प्रभु श्री बालाजी की जोत प्रज्वलित की गई, जिसके पश्चात जय श्री बालाजी के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन नगर के मित्तल परिवार द्वारा श्रद्धा, सेवा और विनम्र भाव के साथ संपन्न कराया गया। बालाजी की सवामनी के संबंध में जानकारी देते हुए मित्तल परिवार के संतोष अग्रवाल बालाजी ने बताया कि उनके पूरे परिवार, कुटुंब की मेहंदीपुर बालाजी में गहरी आस्था है। परिवारजनों में बालाजी के प्रति अनन्य भक्ति होने के साथ-साथ अटूट, आस्था श्रद्धा और विश्वास है। उनका हर मांगलिक कार्य बालाजी से ही प्रारंभ होता है।

उन्होंने बताया कि बालाजी से जो मन्नत के रूप में अर्जी लगती है, उसके पूरे होने पर सवामणि का भोग अर्पित होता है। श्री बालाजी महाराज को सवामणि भोग अर्पण के उपरांत प्रभु की कृपा स्वरूप प्रसादी श्रद्धालुओं में वितरित की गई। इस पावन प्रसंग में लगभग 2000 भक्तों ने बाबा की प्रसादी ग्रहण कर स्वयं को कृतार्थ महसूस किया। संपूर्ण आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरों पर जहां आनंद, आंखों में भक्ति और हृदय में प्रभु के प्रति अटूट विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। इस दौरान मित्तल परिवार के वरिष्ठ सदस्य बालकिशन मित्तल बल्ला भैया द्वारा अग्रवाल समाज धर्मशाला में एक कमरा बनवाने की घोषणा की गई। अग्रवाल समाज के लोगों ने उनका शाल श्री फल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।





### माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा : 142 केंद्रों पर 58000 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराएं : कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर




सागर माध्यमिक शिक्षा मंडल की दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराएं एवं मोबाइल सहित समस्त इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी एवं सोशल मीडिया पर रखें पैनी निगाह साथ ही संपूर्ण बोर्ड परीक्षा के लिए जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी नोडल अधिकारी होगे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के संबंध में संबंधित शिक्षा विभाग सहित अन्य अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, संभागीय अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल आरएस दाहिमा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, समन्वय संस्था के प्राचार्य सुधीर तिवारी, शैलेंद्र जाट सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर आर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित होने वाली कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे एवं मंडल की निर्देशों का अक्षर का पालन करते हुए परीक्षा को संपन्न करवाए। उन्होंने कहा कि कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए उड़न दस्ता की तैनाती की जावे एवं लगातार निरीक्षण किए जाएं। परीक्षा पूर्णतः निर्विघ्न रूप से संपन्न हो इसके लिए परीक्षा मंडल के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा को पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर प्रतिनिधि अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए पुलिस थाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे कहीं कोई गड़बड़ी होने पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि जिले में 142 परीक्षा केंद्र तैयार किए गए हैं जिनमें 58000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे सभी 142 परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक मंडल के निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने मोबाइल परीक्षा के पूर्व परीक्षा केंद्र पर जमा करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं में 33998 कक्षा 12वीं हाई सेकंडरी परीक्षा के लिए 24882 कुल 58880 परीक्षार्थी शामिल होंगें। जिले में दो अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष आब्जर्वर तैनात किए गए हैं दो अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों में शासकीय पंडित रविशंकर शुक्ल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महारानी लक्ष्मीबाई सांदीपनि विद्यालय क्रमांक एक सागर बनाए गए हैं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि मंडल की निर्देश अनुसार केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की जावे इसी प्रकार केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाए जिसमें सभी को पूरी जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मंडल के निर्देशानुसार सभी जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि की जावे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि समन्वय संस्था में विशेष व्यवस्था रखी जाए एवं पुलिस गार्ड 24 घंटे तैनात किए जाएं उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र एवं गोपनीय सामग्री पुलिस के साथ वितरण की जाए।

# टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी सिरोंज के कुलसचिव सैयद सफीक उद्दीन बिल्डिंग न्यू इंडिया कार्यक्रम में सम्मानित







बिजनेस न्यूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जी मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित बिल्डिंग न्यू इंडिया कार्यक्रम में टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी सिरोंज के कुलसचिव सैयद सफीक उद्दीन को सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का प्रसारण आगामी दिनों में जी न्यूज़ चैनल के माध्यम से किया जाएगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा सहित उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करने वाले देशभर के शिक्षाविदों, विशेषज्ञों एवं गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान सिरोंज क्षेत्र में उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के विस्तार हेतु किए गए प्रभावशाली प्रयासों के लिए टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी सिरोंज के कुलसचिव सैयद सफीक उद्दीन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान क्षेत्र में शिक्षा के विकास, नवाचार एवं विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त करने पर सैयद सफीक उद्दीन ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रतिबद्धता, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने मार्गदर्शकों, सहयोगियों एवं टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी परिवार को देते हुए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में सतत प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया तथा ह्लन्यू इंडियाह्व के निर्माण में शिक्षा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

**सही-गलत का ज्ञान कराती है शिक्षा:** इस अवसर पर सैयद सफीक उद्दीन ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा नींव की तरह है, जो ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों को विकसित कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। यह आत्मविश्वास बढ़ाती है, सही-गलत की समझ विकसित करती है, और करियर के बेहतर अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाती है। शिक्षा ही व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का मूल आधार है। शिक्षा तर्कशक्ति, सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती है और चरित्र को निखारती है।

### शबे बारात से पूर्व मस्जिदों एवं कब्रिस्तान सफाई और लाईट की व्यवस्था की मांग

# ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने एसडीएम व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के तहसील अध्यक्ष इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया कि शबे बारात से पूर्व मस्जिदों एवं कब्रिस्तानों की साफ सफाई एवं लाईट की व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई है। इस वर्ष भी शबे बारात का त्यौहार आ रहा है जो 3 फरवरी 2026 दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। जिसमें सभी मुस्लिम समाज जनों द्वारा शाम के समय कब्रिस्तानों में पहुंचकर जो लोग इस दुनिया से जा चुके हैं उनके लिए दुआएं मांगते हैं यह सिलसिला शाम से काफी रात तक चलता रहता है वहीं मुस्लिम समाज जन अपने-अपने मोहल्ले की मस्जिदों में एवं घरों में रहकर खुदा की इबादत करते हैं और कुरान पाक की तिलावत करते हैं। ज्ञापन के माध्यम से मुस्लिम समाज ने निवेदन किया कि 3 फरवरी 2026 दिन मंगलवार से पूर्व सभी मस्जिदों के बहार एवं कब्रिस्तानों की साफ सफाई एवं लाइट की व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला महासचिव वाजिद कुरैशीनगर अध्यक्ष वाहिद खान गोरी, भाजपा नेता कबी गोरी, आदि लोग मौजूद थे।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग

# फर्जी आपत्तियां लोकतंत्र पर सीधा हमला: एडवोकेट सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मतदाता सूची से हजारों नाम हटाने के उद्देश्य से दर्ज कराई गई सामूहिक और फर्जी आपत्तियों के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एड. सुनील कुमार आदिवासी के नेतृत्व में सैकड़ों नागरिकों ने एसडीएम एंव निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की। इस अवसर पर एड. सुनील कुमार आदिवासी ने कड़े शब्दों में कहा कि यह मामला केवल मतदाता सूची की तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (भेदभाव निषेध) और 326 (मताधिकार) पर सीधा हमला है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 स्पष्ट करती है कि झूठी घोषणा देकर मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद, क्षेत्र में सुनियोजित ढंग से सामूहिक आपत्तियाँ दर्ज कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, जो चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने की गंभीर साजिश है। उन्होंने प्रशासन से सीधे सवाल किया कि अब तक फर्जी आपत्तियाँ लगाने वालों पर एफआईआर क्यों दर्ज नहीं हुई। साथ ही जाँच किस अधिकारी ने की और उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की गई। यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि मताधिकार छीनने की किसी भी कोशिश को लोकतांत्रिक समाज स्वीकार नहीं करेगा। यह लड़ाई किसी एक समुदाय की नहीं, बल्कि संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा की सामूहिक लड़ाई है। वही उन्होने कहा कि देश ने अभी संविधान और लोकतंत्र का पर्व मनाया है। ऐसे समय में यदि नागरिकों का वोट का अधिकार ही असुरक्षित हो जाए।

# ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें गड्ढों में हुई तब्दील, ग्रामीण व किसान परेशान

### छलनी खुदी सड़कों पर जोखिम भरा सफर, मरम्मत को लेकर विभाग उदासीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मप्र सड़क योजना, मुख्यमंत्री सडक योजना एवं लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत आने वाली ग्रामीण क्षेत्र की दर्जनों सडकों की हालत बद से बत्तर बनी हुई है।

नर्मदा तटवर्तीय ग्रामों की सडकें रेत से भरे ओवर लोड डंफरों, ट्रेकटर-ट्रालियों के दिन रात आवागमन होने से सडके झतिग्रहस्त गड्ढों भरी हो जाने से वाहनों में टूट-फूट जोखिम भरी स्थिति में किसानों को अपनी उपज का परिवहन और वाहनों का आवागमन जोखिम परेशानीयों भरा बना हुआ है।

**खुदाई कर छोड़ी सडकें**

कुछ सडकों का निर्माण ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। बरेली चैनपुर मार्ग जिससे एक दर्जन से अधिक ग्रामों के हजारों किसान ग्रामीण जुड़े हुए है। सडक को खोद कर छोड़ दिये जाने से आवागमन कठिन बना हुआ है। इसी प्रकार की स्थिति खरगोन, जामगढ़ मार्ग, फोर लाइन समनापुर से अकोला मोतलसिर मार्ग, गुरारिया से घांट पिपरिया मार्ग की बनी हुई है। पिपरिया मार्ग से मांगरोल सोजनी, ढूमर, सतरावन, बगलवाडा मार्ग की गड्ढों भरी स्थिति के कारण नर्मदा जंयती पर वाहनों रेलमपेल में जाम लगने की भारी परेशानी वाली स्थिति का सामना हजारों नर्मदा भक्तों को करना पडा।

बरेली बगलवाडा मार्ग, पारतलाई चैनपुर मार्ग, किनगी छींद धाम मार्ग की हालत भी जरजर छती ग्रस्त बनी रहने से वाहन चालकों को जोखिम भरी स्थिति में सफर करना मजबूरी बना हुआ है।

### नगर में निकली किसान यात्रा का हुआ स्वागत, उदयपुरा में होगा समापन

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने निकाली किसान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के द्वारा 26 जनवरी को किसान यात्रा का शुभारंभ किया गया है जो उदयपुरा विधानसभा के समस्त ग्रामों में पहुंचेगी । इसी क्रम में 28 जनवरी को यह किसान यात्रा नगर में पहुंची इस दौरान नवीन टॉकीज चौराहे पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में किसानों की ज्वलंत समस्याओं, बढ़ती लागत, फसल के उचित दाम, खाद-बीज की कमी और सिंचाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा रायसेन जिले में किसान यात्रा निकाली जा रही है। इसी के चलते उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बरेली में किसानों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली रैली का आयोजन किया गया। इस संबंध में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह किसान यात्रा पूरे रायसेन जिले में निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों की आवाज़ को सरकार तक पहुँचाना है। यात्रा के दौरान किसानों ने अपने हक और अधिकारों के लिए एकजुटता का संदेश दिया। रैली का जगह-जगह नागरिकों और किसानों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

कांग्रेस के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल ने कहा की वर्तमान में सरकार के द्वारा अन्नदाता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है अन्नदाता दिन-रात सर्दी गर्मी बारिश कर फसल पैदा करता है बावजूद इसके अन्नदाता को उसकी मेहनत का फल नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि बीज से लेकर बाजार तक, खेत से लेकर सरकार तक किसान की आवाज दबने नहीं दी जाएगी। किसान यात्रा का 2 फरवरी दिन सोमवार को उदयपुरा के गांधी चबूतरा पर आमसभा के माध्यम से समापन होगा।

### आज ग्राम महेश्वर में होगा समरसता हिंदू सम्मेलन

# नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में जारी सकल हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में आरएसएस के बरेली जिला के दर्जनों स्थानों पर समरसता हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है। संघ के पदाधिकारी द्वारा योजना अनुसार अब ग्रामीण क्षेत्र के बड़े ग्रामों समरसता विराट हिन्दू सम्मेलन की श्रृंखला में आज शुक्रवार को बरेली पिपरिया मार्ग पर स्थित ग्राम महेश्वर में हिन्दू सम्मेलन का विराट आयोजन हो रहा है।

पिपरिया रोड पर स्थित ग्राम महेश्वर आसपास के 15 -20 ग्रामों के बीच मुख्य स्थान है। महेश्वर ग्राम के श्री राम जानकी मंदिर में विराट समरसता हिन्दू सम्मेलन की तैयारी आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई है हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के पदाधिकारी ने सभी ग्रामों के निवासियों से हिन्दू जागरण संगठन के लिए आयोजित समरसता हिन्दू सम्मेलन में आने का आग्रह किया है। हिन्दू सम्मेलन में साधु संतों को एवं पुजारी की उपस्थिति रहेगी।

### तापमान में लगातार बनी गिरावट, ठंड का भी बढ़ा रहा जोर

# घने बादल छाए रहने के साथ ठंड कोहरे का अटैक

### पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी बर्फवारी का असर मैदानी क्षेत्र में दिखा, बारिश एवं बूंदावादी से फिर बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



पिछले 5-6 दिनों से आसमान में छाये घने बादलों ने आखिरकार बुधवार को अपना असर दिखा दिया। सुबह-सुबह हल्की बूंदाबादी और सर्द हवाओं से ठण्ड का जोर बढ़ा वही दोपहर में निकली तेज धूप के कारण उमस और तापमान बढ गई। शरीर और फसलों के लिए नुकसान दायक बने अजीब से माहौल से क्षेत्र के हजारों किसान चिंतित और परेशान हो उठे है।

हिमालय क्षेत्रों में हुई भारी वर्फवारी का असर मैदानी क्षेत्र में शीत लहर और वही बादल बने रहने, वही बारिश, बूंदावादी के रूप में दिखलाई दे रहा है। बार-बार बदल रहे मौसम का सबसे अधिक असर इन्सानों की सेहत और फसलों को प्रभावित कर रहा है। आसमान बादलों से ठका रहते नर्म-गर्म मौसम के कारण गेंहु, चना, तुअर की फसलों में रोगों एवं इल्ली का प्रकोप किसानों की फसल लागत बढ़ा रहे है। किसानों द्वारा बार-बार कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव किया जा रहा है। वही मौसम की मार फैल रहे क्षेत्र के निवासी सर्दी, जुखाम, बुखार पीड़ित होकर उपचार कराने पर मजबूर बने हुए है।

**बूंदावादी से अजीब माहौल**

पिछले 5-6 दिनों से आसमान बादलों से ठका रहा। बुधवार की सुबह हल्की बूंदावादी ने ठण्ड को बढ़ा दिया। वही दोपहर में निकली तेज धूप, गर्मी, उमस से लोग परेशान बने रहे। आसमान में बादलों का लगातार डेरा बना हुआ है। इसी के साथ अच्छी मात्रा में ओस भी गिर रही है। इसी के साथ कोहरा, धुंध छा जाने से सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र के निवासियों को अजीब से मौसम, माहौल का सामना करना पड़ रहा है।

**शीत के साथ कोहरा**

लगभग एक सप्ताह से आसमान में बादलों का डेरा बना हुआ है। बुधवार को सुबह हल्की बूंदावादी के साथ तापमान में गिरावट और शीत का प्रकोप बढ़ गया है। दो दिनों से बादलों की सघनता बढऩे के साथ सुबह घना कोहरा और शीत लहर से जन जीवन दैनिक किर्याकलाप प्रभावित होने लगे है।

# सूर्योदय मोटर्स पर खुला लकी ड्रॉ मिली वाशिंग मशीन कलर टीवी

### आज ग्राम महेश्वर में समरसता हिन्दू सम्मेलन, सकल हिन्दू करेगा शिरकत



बिजनेस न्यूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सूर्योदय मोटर्स हीरो शोरूम द्वारा 13 अक्टूबर 25 से 25 जनवरी 26 तक हीरो वाहन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए लकी ड्रा उपहार योजना लागू की गई थी। शोरूम पर युवा नेता कविंद्र सिंह रघुवंशी संचालक रविंद्र सिंह रघुवंशी एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति में लकी ड्रा खोला गया।

लकी ड्रा में पहला इनाम रामकुमार यादव अलीगंज को वॉशिंग मशीन दूसरा इनाम दो 32 इंच कलर टीवी सीमेंत धाकड़ पिपरिया पुआरिया, राजा चौधरी बरेली को मिली इसी के साथ अन्य को भी इनाम उपहार सामग्री मिलने से लोग खुशी से झूम उठे कार्यक्रम के दौरान सूर्योदय मोटर्स के संचालक रविंद्र रघुवंशी द्वारा ग्राहकों को हीरो मोटर्स की ग्राहक सेवाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए सहयोग के लिए सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया गया।

महिला रोग चिकित्सक बोलीं- अव्यवस्थित दिनचर्या से बढ़ रहे सर्जरी के मामले

# बदल रहा इलाज का पैटर्नः जिला अस्पताल में हर महीने हो रहे करीब 450 ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सरकारी जिला अस्पताल में सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव तमाम दावों के बीच एक बड़ा सच यह है कि अब प्रसव का पैटर्न बदल गया है। सामान्य प्रसव के मुकाबले सीजर प्रसव संख्या गई है। मौजूदा समय में बात करें तो जिला अस्पताल में हर दिन 10 से 12 महीने में 450 से ज्यादा प्रसव हो रहे हैं।

जिले में इलाज का पैटर्न तेजी से बदल रहा है। जिला अस्पताल में अब हर महीने औसतन 325 ऑपरेशन किए जा रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक जीवनशैली में बदलाव, अनियमित खानपान बड़ी वजह बन रही है। पहले जहां सामान्य दवाओं से ठीक होने वाले मरीज ज्यादा होते थे। अब वही मरीज सर्जरी तक पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल सूत्रों के अनुसार पेट से जुड़ी बीमारियां, पित्ताशय की पथरी, हर्निया, एपेंडिक्स, हड्डी और स्त्री रोग से जुड़े ऑपरेशन की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसमें खास बात यह है कि 25 से 45 साल की उम्र के मरीजों में भी सर्जरी के मामले पहले की तुलना में ज्यादा आ रहे हैं।

जिला अस्पताल में सर्जरी की सुविधाएं बढ़ने से मरीजों का भरोसा भी बढ़ा है। पहले कई मरीजों को इलाज कराने के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था।

### आंकड़ों पर एक नजर

| माह | डिलेवरी | |
|---|---|---|
| अप्रैल | 245 नार्मल, | 1119 सीजर |
| मई | 199 नार्मल, | 113 सीजर |
| जून | 211 नार्मल, | 111 सीजर |
| जुलाई | 236 नार्मल, | 130 सीजर |
| अगस्त | 271 नार्मल, | 121 सीजर |
| सितंबर | 279 नार्मल, | 151 सीजर |
| अक्टूबर | 266 नार्मल, | 121 सीजर |
| नवंबर | 287 नार्मल, | 141 सीजर |
| दिसंबर | 216 नार्मल, | 141 सीजर |

### फिजिकल एक्टिविटी की कमी

डॉ. शबाना मसूद बताती हैं कि गर्भावस्था से प्रसव के बीच महिलाओं की अव्यवस्थित दिनचर्या और दिनोंदिन कम हो रही फिजिकल एक्टिविटी की वजह से सीजर से प्रसव के आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं। वैसे भी गर्भावस्था से प्रसव के दौरान 4 अनिवार्य चेकअप नहीं होने से समस्या खड़ी हो रही है। गर्भवतियों को शुरुआत से कोई समस्या नहीं रहती है। इसका प्रसव का पता तभी चलता है जब प्रसव का समय आ जाता है। ऐसे अधिकांश मामलों में सीजर ऑपरेशन होते हैं।




### लाइफ स्टाइल बनी बीमारी की जड़....

डॉक्टरों का कहना है कि देर रात तक जागना, फास्ट फूड का बढ़ता चलन, शारीरिक श्रम की कमी और तनाव सीधे तौर पर स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि छोटी-छोटी दिक्कतें गंभीर रूप लेकर मरीजों के लिए ऑपरेशन तक पहुंच रही हैं।

### प्रसव में सीजर 30 प्रतिशत पार

जिला अस्पताल में होने वाले सीजर 30 प्रतिशत गया है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीता अतुलकर बताती हैं कि गर्भवती महिलाएं और उनके परिजन सीजर ऑपरेशन कराने के लिए कोई रिस्क नहीं लेते। जितने भी प्रसव सीजर से हो रहे हैं। रिस्क लेने पर उनमें से कुछ प्रसव सामान्य भी कराए जा रहे हैं। हालांकि कुछ मामलों में प्रसव के दौरान रिस्क लेने पर कुछ मामलों में जच्चा बच्चा को जान की जोखिम पड़ जाती है।

### इनका कहना है

सीजर से प्रसव की संख्या बढ़ रही है। इसके लिए अव्यवस्थित दिनचर्या शामिल है। क्रिटिकल केस में अगर सीजर ऑपरेशन नहीं किया जाए तो जच्चा बच्चा की जान खतरे में पड़ सकती है।

**- डॉ सुनीता अतुलकर,** गायनिक प्रभारी, जिला अस्पताल रायसेन।

### डॉक्टरों ने दी सलाह

शल्य चिकित्सक डॉ अभिषेक सागर, डॉ फैजल खान ने लोगों से नियमित दिनचर्या अपनाने, संतुलित आहार लेने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की है। डॉक्टरों का कहना है कि समय रहते सावधानी बरती जाए तो कई सर्जरी टाली जा सकती हैं। दरअसल जिला अस्पताल में बढ़ती सर्जरी संख्या यह साफ संकेत दे रही है कि इलाज का पैटर्न बदल रहा है। लेकिन इसके साथ ही लोगों को अपनी जीवनशैली पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

### डॉक्टरों की भी संख्या बढ़ी

सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान का कहना है कि सीजर से प्रसव के लिए जिला अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ी है। डॉक्टरों की अगर हम बात करें तो स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीता अतुलकर, ज्योत्सना भीमट, मेडिकल ऑफिसर डॉ दीपक गुप्ता शामिल हैं। 24 घंटे सुरक्षित प्रसव कराने के लिए डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं। अस्पताल में दो आपरेशन थियेटर सुविधा भी हैं।

# एसपी ने किया उमरावगंज थाने का औचक निरीक्षण

एसपी बोले- रात्रि कालीन गश्त बढ़ाएं, गुंडे एवं बदमाशों को नहीं मिलेगी अब कोई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार दोपहर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने उमरावगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, रिकॉर्ड, मालखाना और स्टाफ की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी गुप्ता ने रात्रिकालीन गश्त सघन रूप से बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में सक्रिय गुंडे-बदमाशों और निगरानीशुदा अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने फरार वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

एसपी के निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में उमरावगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल चार स्थाई गिरफ्तारी वारंट निष्पादित किए। इनमें से कई वारंटी पिछले तीन से चार वर्षों से फरार चल रहे थे। सभी गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया।

रात्रि के समय आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाकर गुंडे-बदमाशों को बुलाकर सख्त हिदायत दी गई कि वे आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और पुलिस पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी।

# हाईवे 18 पर चोपड़ा के पास 407 की टक्कर से यात्री बस खाई में उतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर गुरुवार दोपहर 1 बजे के आसपास सड़क हादसा हो गया। चौपड़ा के पास विदिशा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ईंटों से भरी 407 वाहन ने यात्री बस को टक्कर मार दी। टक्कर से बस अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में उतर गई।

बताया जा रहा है कि गुप्ता कंपनी की यह यात्री बस भोपाल से सलामतपुर होते हुए विदिशा जा रही थी। हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार कई यात्रियों को भी चोटें आई हैं। राहगीरों द्वारा घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टेट हाईवे 18 पर ईंटों से भरी 407 वाहन बेखौफ होकर तेज रफ्तार में दौड़ रहे हैं।

# बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री के लिए तोड़ा एक्सीलेंस स्कूल का मुख्य द्वार, प्रशासनिक तैयारी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिला मुख्यालय के पाटनदेव स्थित शासकीय एक्सीलेंस स्कूल में प्रशासनिक अदूरदर्शिता का मामला सामने आया है। दसवीं–बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री से भरा ट्रक स्कूल परिसर में प्रवेश नहीं कर सका, क्योंकि मुख्य द्वार छोटा था। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए आनन-फानन में जेसीबी बुलाकर स्कूल का मेनगेट तुड़वाया गया, तब जाकर ट्रक को अंदर ले जाया जा सका।

बताया जा रहा है कि बोर्ड परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री की सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया। लेकिन सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर की गई इस कार्रवाई ने विभागीय नियोजन और पूर्व तैयारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

जानकारी के अनुसार, गोपनीय सामग्री से भरा ट्रक एक रात कोतवाली थाने में खड़ा रहा। गुरुवार सुबह जब ट्रक स्कूल पहुंचा तो मेन गेट से टकरा गया और भीतर नहीं जा सका। इसके बाद जेसीबी से गेट ढहाया गया।

घटना के बाद अब सवाल यह है कि क्या समय रहते बेहतर योजना बनाकर सरकारी नुकसान से बचा जा सकता था। लेकिन इसमें स्कूल प्रबंधन की साफ लापरवाही सामने आ रही है। इतना लंबा अरसा बीत जाने के बाद गहरी निंद्रा स्कूल प्रबंधन की जब टूटी तब बोर्ड परीक्षाएं सिर पर आ चुकी हैं।

### इनका कहना है

हमने पहले ही स्कूल के मेन गेट को तुड़वाकर नया बनवाने का प्रस्ताव चेयरमैन कलेक्टर के पास भेजा था, लेकिन इसमें देरी हुई। चूंकि दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं एव प्रश्न पत्र सहित गोपनीय सामग्री से भरा ट्रक आ चुका था, इसलिए सुरक्षा को देखते हुए गेट तुड़वाना पड़ा।

**- स्वाति चौहान,** प्राचार्य, एक्सीलेंस स्कूल रायसेन।

वार्डवासियों ने लगाए आरोप- नपा कर्मचारी कर रहे अवैध वसूली

# पाइप लाइन शिफ्टिंग के नाम पर खुली लूट, नपा बिना रसीद के वसूल रही नल कनेक्शन का चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

**हरिभूमि पड़ताल**

***नियम ताक पर, वसूली जारी : लाइन शिफ्टिंग में नल कनेक्शन का शुल्क थोप रही नगर पालिका***

**जनता पर दोहरी मार : जल कर के साथ लाइन शिफ्टिंग में नवीन नल कनेक्शन का पैसा देना पड़ रहा**

नगर पालिका द्वारा लाइन शिफ्टिंग के नाम पर उपभोक्ताओं से नल कनेक्शन के पैसे वसूले जाने का मामला सामने आया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी पानी की पाइप लाइन शिफ्ट करने के दौरान नए नल कनेक्शन का शुल्क जबरन वसूल रहे हैं, जबकि नियमों में इसका कोई प्रावधान नहीं है।

'हरिभूमि' को वार्ड वासियों ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा नई पानी सप्लाई लाइन से नल कनेक्शन करने शुल्क मांगा जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी है। मामले को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने से बचते नजर आ रहे हैं। वहीं नागरिकों ने जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

नागरिकों ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा पाइप लाइन शिफ्टिंग में नई पानी सप्लाई लाइन से कनेक्शन दिए जा रहे। नल कनेक्शन करने आ रहे कर्मचारियों द्वारा 200 रुपए से लेकर 250 रुपए लोगों से कनेक्शन चार्ज के रूप वसूल रहे है।

### वार्डवासियों से खुली लूट, जिम्मेदार मौन

वार्ड नंबर 14 पाटनदेव क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा पानी की पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य जोरो से किया जा रहा है, जिसके तहत वार्डवासियों को नवीन पाइप लाइन से नल कनेक्शन दिए जा रहे है और बकायदा कर्मचारियों द्वारा बिना रसीद का शुल्क वसूला जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यह शुल्क कनेक्शन करने का चार्ज है। वहीं पाटनदेव क्षेत्र के लोगों ने इसे नगर पालिका की मनमानी बताया। वार्डवासियों का कहना है कि नपा के कर्मचारियों द्वारा 200 से 250 रुपए वसूले जा रहे है, और रसीद मांगने पर नहीं दी जाती है।

### मैदान में कर्मचारियों की मौज, कार्यालय में आराम फरमा रहे जिम्मेदार अधिकारी

नगर पालिका का पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य सवालों घेरे में बना हुआ है। जहां मैदान में नपा के कर्मचारी उपभोक्ताओं से खुलेआम बिना रसीद के नल कनेक्शन के नाम पर राशि वसूल रहे है, तो वहीं कार्यालय में बैठे जिम्मेदार अधिकारी भी सवालों के जबाव देने से बचते नजर आ रहे है।

### वार्डवासियों से सामर्थ्य के अनुसार राशि ली जा रही, रसीद बाद में देंगे

पानी की पुरानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नवीन पाइप लाइन में वार्डवासियों को नल कनेक्शन दिए जा रहे है। वार्ड में गरीब वर्ग अधिक निवास करता है, इसलिए उनके कनेक्शन जार्च के रूप में उनके सामर्थ्य के अनुसार राशि ली जा रही है, जिसकी रसीद उन्हें बाद में दे दी जाएगी। वार्डवासी पानी के लिए परेशान न हो इसलिए नगर पालिका के कर्मचारी नल कनेक्शन का कार्य करने में तेजी से लगे हुए है।

**- श्रीमति सविता सेन,** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद रायसेन।

### मामले की जांच करवाते हैं

आपके द्वारा बात मेरे संज्ञान में आई है, मैं मामले की जांच करवाता हूं। अगर कोई नगर पालिका का कर्मचारी वार्डवासियों से नियम विरुद्ध पैसे लेते पाया जाता है, कार्रवाई करेंगे।

**- देवेंद्र यादव,** पार्षद, वार्ड नंबर 14 रायसेन।

## अंश एसोसिएट कार्यालय में किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की श्रीजी कॉलोनी में स्थित अंश एसोसिएट कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चौरसिया द्वारा झंडावंदन किया गया। इसके साथ ही मिष्ठान का भी वितरण किया गया। इस मौके पर कार्यालय संचालक अंकित वर्मा, मोहन चक्रवर्ति, निमित्त चतुर्वेदी, राजेश कुशवाह, सूर्या राठौर सहित स्टाफ से हेमलता कुशवाह, पिंकी गौड़, समीक्षा, उमंग, प्रीति कुशवाह आदि उपस्थित रहे। साथ ही पर्व की शुभकामनाएं दी।

## विधायक ने निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया, बांटे पीएम आवास स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज



विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

विधायक श्री चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के हर निर्धन परिवार के पास अपनी छत हो। आज स्वीकृति पत्र पाकर इन परिवारों के चेहरे पर जो मुस्कान है, वही हमारी असली पूंजी है। सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान 394 से अधिक लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए, जिससे अब वे अपने पक्के मकान का निर्माण शुरू कर सकेंगे। विधायक ने क्षेत्र में 151.48 लाख की लागत से बनने वाली सड़क/नाली का शिलान्यास भी किया। नगर को साफ स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा कचरा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, हादसे में घायल व्यक्तियों को 50 हजार की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में हिट एंड रन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटना में घायल होने के 3 प्रकरणों में तीनों घायलों को 50-50 हजार रू की सहायता राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर तथा एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसार की गई कार्यवाही और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने किए जा रहे कार्यो की भी जानकारी लेकर निर्देश दिए। जिले में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के माध्यम से ब्लैक स्पॉट पर सडक निर्माण एजेन्सी एवं यातायात पुलिस के द्वारा संयुक्त भम्रण कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए संबंधित रोड एजेंसी एवं संबंधित अन्य विभाग से समन्वय कर सड़क दुर्घटना स्थल पर किए गए विभिन्न परिशोधन जैसे- मार्ग का चौडीकरण, स्पीड ब्रेकर, शाइन बोर्ड, रोड मार्किंग, केट आई, संकेतक आदि कार्य किए हैं।

यूसीजी को लेकर सवर्ण समाज की बैठक, कानून का किया विरोध

# एक फरवरी को दिया जाएगा ज्ञापन, बाजार भी रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



नगर के श्री काठिया मंदिर परिसर में गुरुवार को सवर्ण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें यूसीजी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) से जुड़े नए प्रावधानों को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में यूसीजी एक्ट को सवर्ण समाज के छात्रों के लिए काला कानून बताते हुए इसका विरोध किया। बैठक में तय किया कि 1 फरवरी को एक्ट के विरोध मे ज्ञापन तथा उस दिन बाजार बंद भी रखा जाएगा। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग की बड़ी संख्या मौजूद रही।

वक्ताओं ने कहा कि यह कानून शिक्षा व्यवस्था में समानता के नाम पर छात्रों के भविष्य और करियर के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा किसी एक समाज या वर्ग के विरोध का नहीं है, बल्कि सभी छात्र-छात्राओं के अधिकारों से जुड़ा हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि यूसीजी एक्ट के तहत लागू किए जा रहे नियम सभी छात्रों पर समान रूप से लागू हैं, चाहे वे किसी भी वर्ग या वर्ण से हों। ऐसे में किसी विशेष समाज को टारगेट करना पूरी तरह अनुचित है।

उन्होंने यह भी कहा कि सवर्ण समाज को किसी अन्य समाज से कोई परेशानी नहीं है। वे भी हमारे भाई हैं, उनके बच्चे भी हमारे ही छात्र-छात्राएं हैं।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस प्रकार के नियम लागू करना छात्रों में मानसिक तनाव बढ़ा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और रोजगार की तैयारी कर रहे छात्रों के सामने पहले से ही कई चुनौतियां हैं, ऐसे में नए नियम उनके लिए और कठिनाइयां पैदा कर रहे हैं।

सभा को संबोधित करते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि यूसीजी एक्ट के इन प्रावधानों को जल्द वापस नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में सवर्ण समाज द्वारा धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की रूपरेखा को लेकर भी बैठक में प्रारंभिक चर्चा की गई और सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया।

बैठक के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा। साथ ही समाज के लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और छात्रों के हित में एकजुट होकर संघर्ष करें। बैठक का समापन छात्र हित सर्वोपरि के नारे के साथ किया। बैठक में सवर्ण समाज की उपस्थिति रही।

# गैरतगंज एसडीएम सरोज अग्निवंशी को समारोह आयोजित कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज




नगर परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में एसडीएम श्रीमती सरोज अग्निवंशी को विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सभी ने उनके सफल कार्यकाल की सराहना की।

वहीं सीएमओ सुधीर उपाध्याय, नायब तहसीलदार हर्ष गुप्ता, कपिल विश्वकर्मा पटवारी, निसारुद्दीन सहा. राजस्व अधिकारी, रामकृपाल श्रीवास्तव, फईम कुरैशी, मनीष विश्वकर्मा, खालिद मोहम्मद, नारायण गुर्जर, राजकुमारी सोनी, भाजपा नेता जितेंद्र जैन, जेके सहित पार्षदों ने शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया।

एसडीएम श्रीमती अग्निवंशी ने अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना ही उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कभी दबकर कार्य नहीं किया उन्हें इस शहर में कार्य करने का सुखद अनुभव प्राप्त हुआ।

अधिकारियों ने उनके मार्गदर्शन और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता की प्रशंसा की, जिससे क्षेत्र के कई विकास कार्यों को गति मिली।

इस अवसर पर नगर परिषद जिनेश सिंघई ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल एक पद से विदाई है, समाज के प्रति आपकी सेवा का जज्बा हमेशा बना रहता है। श्रीमती सरोज अग्निवंशी जी का मार्गदर्शन भविष्य में भी हम सभी के लिए प्रेरणादायक रहेगा।